University in News on 05 May 2022

i-NEXT PAGE 2

एलयू के छात्र अब करेंगे आईआईएम में इंटर्नशिप

CONCEPT PIC

एलयू और आईआईएम इंदौर के बीच हुआ एमओयू

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (4 May): लखनऊ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) इंदौर में इंटर्नशिप का मौका मिलेगा. वहां के विशेषज्ञ एलयू के मैनेजमेंट कोर्स कंटेंट, उसके स्ट्रक्चर को अपडेट करने से लेकर कई एकेडमिक चीजों में मदद करेंगे. इसके लिए बुधवार को यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और आईआईएम इंदौर के मैनेजर गर्वमेंट अफेयर एंड बिजनेस डेवलपमेंट नवीन कृष्णा राय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए. प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि आईआईएम इंदौर के साथ एमओयू से दोनों संस्थाओं को एकेडमिक सहयोग मिलेगा. इससे यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स वहां इंटर्नशिप के लिए जा सकेंगे. इसके लिए स्टूडेंट्स को कुछ पैसे भी मिलेंगे, इसके अलावा इंटरप्रन्योरशिप में मदद मिलेगी. आईआईएम इंदौर के सहयोग से हम यूनिवर्सिटी में सात दिवसीय लीडरशिप शार्ट टर्म कोर्स शुरू करेंगे. एमओयू के माध्यम से हमारे शिक्षक भी वहां के सरकारी प्रोजेक्ट में शामिल हो सकेंगे. इसके अलावा आईआईएम के स्टूडेंट्स मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए यूनिवर्सिटी में स्थापित हैपी थिंकिंग लैब में आएंगे.

JAGRAN CITY PAGE II

विद्यार्थियों को आइआइएम इंदौर में मिलेगा इंटर्नशिप का मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और आइआइएम इंदौर के मैनेजर गवर्नमेंट अफेयर एंड बिजनेस डेवलपमेंट नवीन कृष्णा राय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के हेड संजय मेघवी मौजूद रहे ● सौ. जागरण

जागरण, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) इंदौर में इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। यहां के विशेषज्ञ लखनऊ के मैनेजमेंट कोर्स कंटेंट, उसके स्ट्रक्चर को अपडेट करने से लेकर कई एकेडमिक चीजों में मदद करेंगे। इसके लिए बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और आइआइएम इंदौर के मैनेजर गर्वमेंट अफेयर एंड बिजनेस डेवलपमेंट नवीन कृष्णा राय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं।

लवि : एमसीए कोर्स में भी तीन टापर्स को मिलेंगे पदक

जागरण, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के नवंबर में होने वाले दीक्षा समारोह में इस बार पदक की संख्या में विस्तार होगा। अलग स्थापना के पांच साल बाद इंजीनियरिंग संकाय पहली बार कुल 24 मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित करेगा। इसमें बीटेक, बीसीए के साथ-साथ मास्टर आफ कम्प्यूटर साइंस (एमसीए) के तीन टापर्स भी शामिल होंगे। हाल ही में हुई संकाय की फैकल्टी बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। अब इसे एकेडमिक काउंसिल के माध्यम से वाइस चांसलर अलिम मुहम्मद लगाई जाएगी। 2017 में लवि के दूसरे परिसर में इंजीनियरिंग संकाय की स्थापना हुई थी। इसमें बीटेक, बीसीए, एमसीए सहित अन्य पाठ्यक्रम संचालित हैं। विश्वविद्यालय दीक्षा समारोह में हर साल करीब 190 मेधावियों को पदक के लिए चयनित करता है।

कर्मोदय योजना में 40 विद्यार्थी चयनित

जागरण, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ इंटर्नशिप के लिए शुरू की गई कर्मोदय योजना में 40 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति की अनिवार्यता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में हुई कमेटी की बैठक में विद्यार्थियों की पात्रता सूची पर मुहर लगाई गई। अब इन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संस्थानों में इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। 50 दिन से छह माह की इंटर्नशिप होगी। प्रो. टंडन ने बताया कि इस योजना में 97 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। 40 का चयन किया गया है। इनकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। यह इंटर्नशिप विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद होगी, क्योंकि ज्यादातर कंपनियां फ्रेशर उम्मीदवारों से छह महीने की इंटर्नशिप की मांग करती हैं। चयनित सभी विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे इंटर्नशिप के लिए एक पत्र प्राप्त करने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से संपर्क कर नामित कार्यालय में शीघ्र काम शुरू करें।

जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

जागरण, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. भीमराव वेदरत्न शोध पीठ की ओर से शुक्रवार को सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। वाणिज्य विभाग के प्रो. एनबी सिंह सभागार में इसका उद्घाटन शोध पीठ के निदेशक प्रो. सोमेश शुक्ल ने किया। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालय एवं कालेजों के 200 से अधिक अध्येता आए थे, जिनमें प्रशिक्षण के लिए 50 प्रतिभागियों का चयन किया गया। कार्यशाला ने जीएसटी के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कौशल विकास और स्वरोजगार योजना के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला का समापन 10 मई को होगा। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के हेड प्रो. अरविंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के छात्र आईआईएम में कर सकेंगे इंटर्नशिप

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र अब आईआईएम इंदौर में इंटर्नशिप कर सकेंगे। यूनिवर्सिटी कैंपस में इंक्यूबेशन सेंटर बनाया जाएगा। नए स्टार्टअप को आईआईएम के विशेषज्ञ आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। आईआईएम के शिक्षक एंटरप्रयोन्योर को प्रबंधन के गुर सिखाएंगे। बुधवार को दोनों संस्थानों ने ऐसे ही कई मुद्दों पर एमओयू साइन किया है।

दोनों संस्थानों के बीच हुए करार के मुताबिक लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक और कर्मचारी प्रबंधन की ट्रेनिंग ले सकेंगे। आईआईएम अलग से फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम तैयार करेगा। छात्रों के लिए आईआईएम लांग और शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स डिजाइन करेगा। मूल विषयों की पढ़ाई के साथ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। सर्टिफिकेट दोनों संस्थान संयुक्त रूप से जारी करेंगे ताकि उन्हें आगे चलकर कॅरियर में मदद मिल सके। दोनों संस्थान की फैकल्टी और छात्र किसी भी विषय पर रिसर्च कर सकेंगे। आईआईएम कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट पर भी काम करेगा। इसके लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र आईआईएम इंदौर में इंटर्नशिप कर सकेंगे। इंटर्नशिप के लिए छात्रों का चयन तय मानकों पर होगा।

विश्वविद्यालय और आईआईएम के विशेषज्ञों की एक कमेटी इंटर्नशिप के लिए जरूरी मानक तैयार करेगी। सीएसआर, आईएसआर के तहत कई सामाजिक कार्य भी करेंगे।

आईआईएम के प्रतिनिधि नवीन राय तथा एलयू के कुलपति प्रो. आलोक राय ने बुधवार को एक साझा एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

आईआईएम फाउंडेशन की मदद से विवि परिसर में इंक्यूबेशन सेंटर बनाया जाएगा। इसके जरिए एंटरप्रन्योरशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। नए स्टार्टअप और नए आइडिया को कारोबार में बदलने के लिए आईआईएम के शिक्षक मदद करेंगे। एमओयू पर आईआईएम के प्रतिनिधि नवीन राय तथा कुलपति प्रो. आलोक राय ने साइन किए।

"एलयू के साथ कई मुद्दों पर एमओयू साइन किया गया है। आईआईएम फाउंडेशन ज्वाइंट इंक्यूबेशन सेंटर बनाएगा। कई सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू होंगे। स्टार्टअप को कारोबार में बदलने के लिए विशेषज्ञ एंटरप्रयोन्योर की मदद करेंगे। **प्रो. हिमांशु राय,** डायरेक्टर आईआईएम इंदौर

"एमओयू से हमारे छात्र आईआईएम में भी पढ़ाई कर सकेंगे। इंक्यूबेशन सेंटर बन जाने से नए स्टार्टअप को मदद मिलेगी। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों को आगे ले जाएगा। ये हमारे लिए गौरव की बात है। **प्रो. आलोक राय,** कुलपति लविवि

एलयू की कर्मोदय योजना के लिए 40 छात्रों का चयन

इंटर्नशिप

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शुरू की इन हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम कर्मोदय के पहले चरण में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के विविध पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले 97 छात्र-छात्राओं ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। कर्मोदय के लिए बनायी गई समिति ने आवेदनों की जांच के बाद 40 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। ये चयनित छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के विविध विभागों में इंटर्नशिप करेंगे। कर्मोदय योजना पहले से चल रही कर्मयोगी योजना (भुगतान सहित इंटर्नशिप योजना) के अलावा विश्वविद्यालय के सभी अंतिम और पूर्व-अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक अवैतनिक इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम है।

कर्मोदय योजना में इंटर्नशिप की अवधि 50 दिनों से लेकर छह महीने तक है। यह छात्रों के लिए फायदेमंद होगी क्योंकि ज्यादातर कंपनियां फ्रेशर उम्मीदवारों से छह महीने की इंटर्नशिप की मांग करती हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि एक मार्च को कर्मोदय योजना शुरू की गई थी। प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए कुलपति द्वारा विधिवत एक समिति का गठन किया गया था।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

दीक्षांत में इंजीनियरिंग संकाय के छात्रों को मिलेंगे 24 मेडल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अब 24 और मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में इंजीनियरिंग संकाय के मेधावियों को भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिया जाएगा। बीटेक, बीसीए और एमसीए के 24 मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे। संकाय की फैकल्टी बोर्ड में इस पर मुहर लग गई है। लविवि में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पांच वर्ष पहले ही शुरू हुई थी।

लविवि का दीक्षांत समारोह नवंबर में प्रस्तावित है। दीक्षांत में मेधावियों को करीब 190 मेडल विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं। अब इस मेडल की सूची में 24 और मेडल जुड़ जाएंगे। इंजीनियरिंग संकाय के मेधावियों को भी इस बार से दीक्षांत में गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल प्रदान किए जाएंगे। लविवि के नवीन परिसर में पांच साल पहले वर्ष 2017 में इंजीनियरिंग संकाय की स्थापना की गई थी। जहां बीटेक के अंतर्गत विभिन्न ट्रेड के पाठ्यक्रम, एमसीए और बीसीए की पढ़ाई कराई जाती है। संकाय की फैकल्टी बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया है कि इंजीनियरिंग में 24 मेडल मेधावियों को दिए जाएंगे। बीटेक में पांच ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई होती है। हर ब्रांच में तीन मेडल गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज दिए जाएंगे। वहीं बीसीए और एमसीए में भी तीन-तीन मेडल दिए जाएंगे। इसके अलावा इंजीनियरिंग फैकल्टी के ओवर ऑल तीन टॉपर्स को भी मेडल दिए जाएंगे। इंजीनियरिंग संकाय के छात्रों मेडल दिए जाने का प्रस्ताव अब विद्या परिषद की बैठक में भी रखा जाएगा।

फैकल्टी बोर्ड की बैठक में फैसला, पहली बार मिलेगा अवसर

कर्मोदय : पहले चरण में 40 छात्रों को इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कर्मोदय योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए 40 छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों की सूची बुधवार को जारी कर दी गई। योजना गत मार्च में लांच हुई थी। इसके अंतर्गत अर्ध छात्रों का ही चयन किया गया है। इनकी सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि योजना के अंतर्गत 97 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से स्क्रीनिंग के बाद 40 छात्रों का चयन किया गया है। कुलपति ने आवेदनों की जांच के लिए समिति गठित की थी, जिसमें विशेष रूप से एक छात्र प्रतिनिधि को भी रखा गया था। इस योजना के अंतर्गत अंतिम और पूर्व अंतिम वर्ष के छात्रों को 50 दिनों से लेकर छह महीने तक इन हाउस इंटर्नशिप दी जाएगी। यह एक अवैतनिक योजना है। छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे इंटर्नशिप के लिए अपना चयन पत्र अधिष्ठाता छात्र कल्याण से प्राप्त कर सकते हैं।

■ ***आईआईएम इंदौर में इंटर्नशिप का मौका :*** लखनऊ। लविवि के प्रबंधन के छात्रों को आईआईएम इंदौर में इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। इसके तहत बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आईआईएम इंदौर के साथ एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि समझौते ज्ञापन के अनुसार प्रबंधन के छात्रों को आईआईएम इंदौर के ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों को प्रबंधन के गुर सीखने का अवसर व अनुभव प्राप्त होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

PIONEER PAGE 3

एलयू की कर्मोदय योजना के लिए 40 छात्रों का चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शुरू की इन हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम कर्मोदय के पहले चरण में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के विविध पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले 97 छात्र-छात्राओं ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। कर्मोदय के लिए बनायी गई समिति ने आवेदनों की जांच के बाद 40 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। ये चयनित छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के विविध विभागों में इंटर्नशिप करेंगे। कर्मोदय योजना पहले से चल रही कर्मयोगी योजना (भुगतान सहित इंटर्नशिप योजना) के अलावा विश्वविद्यालय के सभी अंतिम और पूर्व अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक अवैतनिक इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम है। कर्मोदय योजना में इंटर्नशिप की अवधि 50 दिनों से लेकर छह महीने तक है। यह छात्रों के लिए फायदेमंद होगी क्योंकि ज्यादातर कंपनियां फ्रेशर उम्मीदवारों से छह महीने की इंटर्नशिप की मांग करती हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि एक मार्च को कर्मोदय योजना शुरू की गई थी। प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए कुलपति द्वारा विधिवत एक समिति का गठन किया गया था।

एलयू के स्टूडेंट्स आईआईएम इंदौर से कर सकेंगे इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र अगले वाले दिनों में आईआईएम इंदौर में इंटर्नशिप कर सकेंगे। इस बारे बुधवार को आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो हिमांशु राय और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने एक साझा पत्र पर हस्ताक्षर किये। साझा पत्र के मुताबिक यूनिवर्सिटी कैंपस में इंक्यूबेशन सेंटर बनाया जाएगा। नए स्टार्टअप को आईआईएम के विशेषज्ञ आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। साथ ही आईआईएम के शिक्षक एंटरप्रोनेयोर को प्रबंधन के गुर सिखाएंगे। दोनों संस्थानों के बीच हुए अनुबंध के मुताबिक लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक और कर्मचारी प्रबंधन की ट्रेनिंग ले सकेंगे। आईआईएम अलग से फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम तैयार करेगा। छात्रों के लिए आईआईएम लांग और शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स डिजाइन करेगा। मूल विषयों की पढ़ाई के साथ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। सर्टिफिकेट दोनों संस्थान संयुक्त रूप से जारी करेंगे ताकि उन्हें आगे चलकर कॉरियर में मदद मिल सके। दोनों संस्थान की फैकल्टी और छात्र किसी भी विषय पर रिसर्च कर सकेंगे।

THE PIONEER PAGE 3

40 selected under Karmoday Scheme

Lucknow (PNS): Lucknow University announced the results of the recently started in-house internship programme Karmoday on Wednesday.

As many as 97 students had applied for the Karmoday internship and after screening 40 of them were selected. Karmodaya is one of the in-house internship programmes started under the guidance of LU Vice-Chancellor Alok Kumar Rai for the holistic development of the students. Karmoday' scheme is an unpaid in-house internship programme open for all the final and pre-final year students of the university in addition to the already running Karmayogi scheme (paid internship scheme). In the Karmodaya scheme, the internship duration is from 50 days to six months. It will be beneficial for the students as most of the companies demand six months' internships from the fresher candidates. Dean of Students Welfare, Prof Poonam Tandon, said the Karmoday scheme was floated from March 1, 2022. "A committee was formed by the vice-chancellor to screen the applications. The vice-chancellor specially appointed a student representative to the committee to maintain transparency. The committee carefully examined all the applications and the result was uploaded on the LU website. All the selected students have been instructed to contact the office of the dean students' welfare to get their offer letters for the internship and start working in the designated office at the earliest," Tandon said.

AMRIT VICHAR PAGE 4

कर्मोदय योजना में 40 छात्र चयनित

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इन हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम "कर्मोदय" के परिणामों की घोषणा कर दी है। इसके लिए 97 छात्रों ने आवेदन किया था और स्क्रीनिंग के बाद 40 छात्रों का चयन किया गया है। कर्मोदय छात्रों के समग्र विकास के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रमों में से एक है। 'कर्मोदय' पहले से चल रही "कर्मयोगी" (भुगतान सहित इंटर्नशिप योजना) के अलावा विश्वविद्यालय के अंतिम और पूर्व-अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक अवैतनिक इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम है। कर्मोदय में इंटर्नशिप की अवधि 50 दिनों से लेकर छह माह तक है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

लविवि में इन हाउस इंटर्नशिप के लिए 40 छात्र-छात्राओं का चयन

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने जल्द ही इन हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम «कर्मोदय» के परिणामों की घोषणा की जाएगी। इसमें 97 छात्रों ने आवेदन किया था और स्क्रीनिंग के बाद 40 का चयन किया गया है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में कर्मोदय छात्रों के समग्र विकास के लिए शुरू किया जा रहा है। यह इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम है।

लविवि के कुलपति ने बताया कि कर्मोदय योजना (भुगतान सहित इंटर्नशिप योजना) के अलावा विश्वविद्यालय के सभी अंतिम और पूर्व अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक अवैतनिक इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम है।

कर्मोदय योजना में इंटर्नशिप का समय 50 दिनों से लेकर 6 महीने तक है। यह छात्रों के लिए फायदेमंद होगी क्योंकि ज्यादातर कंपनियां फ्रेशर आवेदकों से 6 महीने की इंटर्नशिप की मांग करती हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय दीक्षा नीति 2020 पर आधारित यह योजना छात्रों के कौशल विकास में बहुत उपयोगी होगी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि 1 मार्च 2022 को «कर्मोदय» योजना शुरू की गई थी। प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए कुलपति द्वारा विधिवत एक समिति का गठन किया गया था।

विश्विद्यालय के कुलपति ने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष रूप से समिति में एक छात्र प्रतिनिधि भी नियुक्त किया था।

समिति द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की सावधानी पूर्वक जांच करने के बाद संस्तुत परिणाम को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

कर्मोदय योजना के तहत चयनित सभी छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे इंटर्नशिप के लिए अपने चयन पत्र प्राप्त करने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से संपर्क करें और नामित कार्यालय में शीघ्र ही काम करना शुरू करें।

FIRST INDIA PAGE 13

FILLING POSITIONS

Out of the 200 teaching positions that have been empty for the past five years, Lucknow University has filled 20 more. A conference on Monday approved the nomination of 20 teachers to the positions of professor and associate professor. Previously, in March, LU filled 20 professor positions in commerce, science, and management, bringing the total number of filled positions to 40. Teachers were hired for four positions in each of the departments of zoology and education, ten in commerce, and two in applied economics.

TOI PAGE 4

IIM gurus to groom LU students

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Soon, students and faculty of Lucknow University (LU) will get to learn leadership, management and startup skills from the experts of Indian Institute of Management-Indore.

Both the academic institutes have joined hands to ensure that not only management, but students of other streams also get an exposure to the management world.

A Memorandum of Understanding (MoU) was signed between LU and IIM-Indore on Wednesday.

"Under the MoU, IIM-I will provide three months internship opportunities to LU students based on their management project or start-up ideas. Also, LU and IIM will together design some short-term courses that will improve students' employability and help them land lucrative jobs," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

He said that staff and faculty development programs will be organized with the support of each other.

"We are coming up with an incubation facility for our students who will get support from IIM faculty to gain leadership and management skills for realizing their start-up dreams," he said.

IIM-I director Himanshu Rai said, "Apart from nurturing talents of LU students, IIM-I will also work on collaborative and consultancy project work with LU."

He said we will be allowing LU students internship stints with IIM-I faculty.

"Students selection will be based on certain parameters determined by the joint selection committee of the Lucknow University and IIM-I. Also, we will work together on entrepreneurship development and incubation centres," he added.

TRUE TIMES

कर्मोदय योजना के परिणाम घोषित-छात्रों को विश्वविद्यालय में ही इंटर्नशिप का मिलेगा मौका

द टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने हाल ही में शुरू हुए इन हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम 'कर्मोदय' के परिणामों की घोषणा की है। इसके लिए 97 छात्रों ने आवेदन किया था और स्क्रीनिंग के बाद 40 का चयन किया गया है।

कर्मोदय छात्रों के समग्र विकास के लिए माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रमों में से एक है। 'कर्मोदय' योजना पहले से चल रही 'कर्मयोगी' योजना (भुगतान सहित इंटर्नशिप योजना) के अलावा विश्वविद्यालय के सभी अंतिम और पूर्व-अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक अवैतनिक इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम है। कर्मोदय योजना में, इंटर्नशिप की अवधि 50 दिनों से लेकर 6 महीने तक है। यह छात्रों के लिए फायदेमंद होगी क्योंकि ज्यादातर कंपनियां फ्रेशर उम्मीदवारों से 6 महीने की इंटर्नशिप की मांग करती हैं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि 1 मार्च 2022 को 'कर्मोदय' योजना शुरू की गई थी। प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए कुलपति द्वारा विधिवत एक समिति का गठन किया गया था। लखनऊ विश्विद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष रूप से समिति में एक छात्र प्रतिनिधि भी नियुक्त किया था। समिति द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की सावधानीपूर्वक जांच करने के होगी। पश्चात संस्तुत परिणाम को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

कर्मोदय' योजना के तहत चयनित सभी छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे इंटर्नशिप के लिए अपने चयन पत्र प्राप्त करने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से संपर्क करें और नामित कार्यालय में शीघ्र ही काम करना शुरू करें। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ दी हैं और कहा कि राष्ट्रीय दीक्षा नीति 2020 पर आधारित यह योजना छात्रों के कौशल विकास में बहुत उपयोगी होगी।